प्रति,

श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय,
पुलिस मुख्यालय भवन,
जहांगीराबाद, भोपाल, (म.प्र.)

विषय :– सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक श्री आई.पी. कुलश्रेष्ठ द्वारा धमकाने एवं परेशान करने के संबंध में।

महोदय,

निवेदन है कि मेरा मकान बी–16, बी.डी.ए. कालोनी शाहपुरा भोपाल में निर्माणाधीन है, जिसमें बी–15 में निवासरत पूर्व सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी श्री आई.पी. कुलश्रेष्ठ द्वारा बिना कारण थाने से पुलिस बुलाकर काम बंद करवाते है एवं कहते है कि मेरा दामाद श्री अंकित जायसवाल एस.पी. नीमच है। मैं मादक पदार्थ (अफीम) तुम्हारें घर में रखवाकर तुम्हारे खिलाफ मुकदमा दायर करवा दूंगा एवं कहते है कि लोकायुक्त डी.जी. मेरे जूनियर है, शिकायत करवाकर घर तुड़वा दूंगा।

इनके द्वारा जो मुझें परेशान किया जा रहा है मुख्य कारण यह है कि पिछले वर्ष 2023 में मेरे से 50 बोरी सीमेंट, 5000ईटें व गिट्टी ली थी एवं बोले थे कि मैं समय से अपको इसका भुगतान कर दूंगा व भुगतान मांगने पर घर गिरवाने व झूठा मुकदमा लगवाने की धमकी देते है।

कृपया नियमानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें।

स्थान – भोपाल

दिनांक – 06/01/2026

प्रार्थी

जी.पी. सिंह
(ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह)
बी–16, शाहपुरा, भोपाल
मो. 9753681775

Scanned with OKEN Scanner